तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

4

राष्ट्रीय एकता शिविर हरियाणा में गूंजा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा



खबर संक्षेप

मां के पीछे घर से निकली मासूम की मौत

रायगढ़। जिले के भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली में एक दर्दनाक हादसे में दो वर्षीय बच्ची की जान चली गई। मां के पीछे घर से निकली मासूम नाले के पानी में डूब गई। काफी तलाश के बाद उसका शव घर से करीब 200 मीटर दूर नाले में मिला। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार डूमरपाली निवासी सूरज उरांव गुरुवार शाम अपनी दो वर्षीय बेटी मान्या उरांव के साथ घर में बैठकर टीवी देख रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी अस्पताल जाने के लिए घर से निकली। मां को जाते देख मान्या भी उसके पीछे चल पड़ी। टीवी देखने में व्यस्त सूरज को लगा कि बेटी अपनी मां के साथ चली गई है। कुछ देर बाद पत्नी घर लौटी तो मान्या उसके साथ नहीं थी। इसके बाद परिजनों को बच्ची के लापता होने का पता चला। ऐसी स्थिति में परिवार ने तत्काल उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी। इधर मामले की जानकारी मिलते ही भूपदेवपुर पुलिस ने बच्ची की तलाश शुरू की। घर के पास नाला होने के कारण पुलिस ने वहां भी खोजबीन की। इस दौरान घर से करीब 200 मीटर दूर नाले में मान्या का शव बरामद हुआ। आशंका जताई जा रही है कि बच्ची नाले की ओर चली गई और पानी के तेज बहाव में बह गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजने के बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया है। मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सालों पहले निर्मित भवन मरम्मत के सहारे हो रहे संचालित

स्कूल ही नहीं, जिले में हॉस्टलों की दशा भी ठीक नहीं, कुछ तो दूसरे में हो गए शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में केवल स्कूल भवन ही जर्जर नहीं हैं, यहां के हॉस्टलों की दशा भी काफी खराब है। कुछ हॉस्टलों की हालत तो इतनी खराब है कि दूसरे में शिफ्ट करना पड़ा है। वहीं कुछ छात्रावासों में हालात ऐसे हैं कि जर्जर भवन के एक साइड में संचालित किया जा रहा है। हालांकि कुछ नए भवन और कुछ मरम्मत के लिए राशि मिली है, लेकिन कितनी और कब बनेंगे यह पता नहीं है।

रायगढ़ जिले के 83 स्कूल किसी दूसरे के घर या बरामदे तो कहीं किचन शेड् में संचालित हो रहा है। यह शिक्षा विभाग का ही सरकारी आंकड़ा है। ऐसा नहीं है कि केवल स्कूल ही यहां जर्जर हालातों में हैं, हॉस्टलों की स्थिति भी काफी चिंताजनक है। जो जानकारी मिली है उसके हिसाब से करीब 20-22 हॉस्टल कॉफी जर्जर हो चुके हैं। इसमें किसी को स्कूल भवन तो किसी को एक भवन में संचालन किया जा रहा है। कुछ को तो दूसरे गांवों के हॉस्टलों में ही शिफ्ट करना पड़ा है। कुल मिलाकर ऐसे हॉस्टलों में रहने वाले बच्चों को दिक्कत ही हो रही है।



ढाई सौ से अधिक छात्रावास

जिले में ढाई सौ से अधिक हॉस्टल और आश्रम छात्रावास संचालित हैं। इसमें से कुछ छात्रावासों का निर्माण तो काफी पुराना है। ऐसे हॉस्टलों की हालत ज्यादा खराब है। जानकारी मिली है कि डीएमएफ से कुछ नए हॉस्टल भवन और कुछ जर्जर छात्रावासों की हालत सुधारने की कवायद की जा रही है। नए भवन के लिए टेंडर भी होने की बात कही जा रही है।

14 नए भवन स्वीकृत

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे ने बताया कि जिले में 14 नए हॉस्टल भवन की स्वीकृति मिली है। नए भवन निर्माण पूरा होने के बाद यहां के बच्चों को सारी सुविधाएं मिलेगी। अभी जो भवन जर्जर हैं वहां एहतियातन अलग से कमरों में संचालन किया जा रहा है।

ठेकेदार का डीएलपी पूरा, बकाया भुगतान नहीं होने पर बिजली कंपनी ने काटा

बिल नहीं भरा तो कटा कनेक्शन एनएच-49 पर 25 दिन से अंधेरा

रायगढ़। शहर से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर पिछले करीब 25 दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। शाम होते ही इस मार्ग करीब 35 किलोमीटर से अधिक का हिस्सा अंधेरे में डूब जाता है। इससे वाहन चालकों, दोपहिया सवारों और पैदल चलने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क पर रोशनी नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। हैरानी की बात यह है कि स्ट्रीट लाइट बंद होने की वजह तकनीकी खराबी नहीं, बल्कि करीब 17.50 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया होना है। भुगतान नहीं होने पर बिजली कंपनी ने कनेक्शन काट दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, एनएच-49 पर सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड यानी डीएलपी पूरी हो चुकी है। इसके बाद ठेकेदार ने बिजली बिल का भुगतान बंद कर दिया। नतीजतन, बिजली बिल की बकाया राशि बढ़ती गई और आखिरकार बिजली कंपनी ने स्ट्रीट लाइट का कनेक्शन काट दिया।



> नेशनल हाई-वे में लगाई गई स्ट्रीट लाइट्स की बिल का भुगतान करीब 6 माह से नहीं किया गया था। इस बीच कई बार लंबित भुगतान अदा करने को लेकर नोटिस जारी किया गया था, लेकिन बिल की बकाया राशि जमा नहीं होने पर राज्य स्तर से ही एनएच-49 की बिजली काट दी गई है।
>
> **आरके राव, कार्यपालन अभियंता सीएसईबी, रायगढ**

नशे में बटन चाकू लेकर घूम रहे थे नाबालिग बिरयानी की तलब ने ले लिया हिंसक रुप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- नशे के आदी निकले आरोपी नाबालिग और एक अन्य युवक
- ट्रांसपोर्ट नगर के पास सड़क किनारे मिली थी युवक की लाश, पुलिस के हत्थे चढ़े 5 संदिग्ध



नशे में पांच लोग जिसमें चार नाबालिग थे, उसमें से एक नाबालिग बटन चाकू लेकर चल रहा था। पांचों नशे के आदी थे और उस दिन भी नशे में थे। इसी दौरान उनको बिरयानी की तलब लगी और उसे पूरा करने के लिए लूट करने की नियत से शिकार की तलाश कर रहे थे। उसी दौरान एक यात्री सारंगढ़ बस स्टैंड में उनको नजर आया जो सोया था। नाबालिगों ने उसके पेंट की जेब की तलाशी लेना शुरु किया। उसमें सात सौ रुपए मिले, इसी दौरान उसकी नींद खुल गई और विरोध करने लगा। इससे लूटने वाले हिंसक हो गए और उसे बटन चाकू से गोद-गोद कर मार डाला और वहां से पैसे लेकर फरार हो गए। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

महज 150 रुपए की बिरयानी खाने के लिए पैसे जुटाने की चाहत एक व्यक्ति की जान ले बैठी। ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड के पास हुई हत्या की जांच में पुलिस ने जो खुलासा किया हैए वह नशे की लत और अपराध की गंभीर तस्वीर सामने लाता है। दरअसलए नशे के आदी पांच युवकों ने बिरयानी के लिए पैसे जुटाने के इरादे से सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति को लूटने की कोशिश की। व्यक्ति की नींद खुली और उसने विरोध किया तो एक नाबालिग ने बटन चाकू से उसके शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिससे मृतक की जान चली गई और बदले में लुटेरों के हाथ सिर्फ 700 रुपये लगे। पुलिस ने मामले में एक 19 वर्षीय युवक और चार अपचारी बालकों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि युवक नशे के आदी थे। वे पहले भी कबाड़ चोरी करने और रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के आसपास अकेले घूमने वाले लोगों तथा नशे की हालत में रहने वाले व्यक्तियों को निशाना बनाकर रुपये और मोबाइल लूटने जैसी वारदातें करते थे। लूट से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल खाने.पीने में करते थे। इस मामले में सबसे गंभीर पहलू यह है कि आरोपियों में से एक के पास बटन चाकू था। 23 अक्टूबर की रात को भी भी लूट की नियत से ही वे घूम रहे थे। इसी बीच उन्होंने बिरयानी खाने के लिए पैसे जुटाने की बात आई तो उन्होंने लूटपाट की योजना बनाई। जिसके बाद इस घटना को अंजाम दिया। ज्ञात हो कि 24 अक्टूबर की सुबह ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड के पास में एक अज्ञात युवक का शव मिला था। इधर सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, जूटमिल थाना पुलिस और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू की गई।

एक्सपर्ट व्यू

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राजेश अजगल्ले ने बताया कि इन दिनों तेजी से नाबालिग बच्चे नशे के आदी हो रहे हैं। ज्यादातर मामलों में यह गरीब तबके के होते हैं और सस्ते नशे के रूप में इस तरह के नाबालिग गांजे का इस्तेमाल करते हैं, जो इन्हें आसानी से मिल जाता है। नशे में होने की वजह से यह मानसिक रूप से किसी भी तरह की परिस्थिति को समझने में असमर्थ होते हैं। नशे में होने की वजह से यह किसी भी तरह से अपनी तलब को शांत करने के लिए सोचते हैं । इस मामले में भी यही देखने को मिला है। चूंकि ये नशे के आदी थे और ऐसे में इन्होंने अपनी जरूरत पूरी करने के लिए इस तरह का हिंसक कदम उठाया । बच्चों का हिंसक प्रवृत्ति का होना खतरनाक संकेत है।

मृतक की शिनाख्त नहीं

मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष है जिसके सीने और कंधे सहित शरीर पर चोट के निशान पाए गए। मृतक की पहचान नहीं हो पाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को सुरक्षित रूप से मरच्युरी में रखवा दिया गया है। मृतक की शिनाख्त के लिए उसकी फोटो सहित अन्य जानकारियां विभिन्न थानों में भेजी गई है।

ऐसे दिया वारदात को अंजाम

रात करीब 1 बजे सभी नशे में । लड़कों ने बिरयानी खाने की मंशा जताई फिर पैसे जुगाड करने लूटपाट की नियत से एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एम 3674 पर दो लड़के ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड पहुंचे, उनके पीछे 3 और लड़के भी पहुंचे। वहां सड़क किनारे खड़े ट्रक के पास एक व्यक्ति सोया हुआ दिखाई दिया। आरोपियों ने उसके जेब से रुपये और मोबाइल निकालने के लिए तलाशी शुरू की तभी वह जाग गया और विरोध करने लगा। इसी दौरान रखे बटन चाकू से मृतक पर वार कर दिया।





खबर संक्षेप

मृतक की नहीं हुई पहचान, परिजन की तलाश में जुटी पुलिस

अम्बिकापुर। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक अधेड़ की मौत हो जाने तथा मृतक के साथ कोई परिजन नहीं होने पुलिस परिजन की तलाश शुरू कर दी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस कर्मचारियों के मुताबिक 17 अक्टूबर को बीमार हालत में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के साथ किसी परिजन के नहीं होने पर पुलिस ने शिनाख्त के लिए शव को मरच्यूरी कक्ष में रखवा दिया है। साथ ही मृतक के परिजन की तलाश शुरू कर दी है।

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर हुई बैठक

अम्बिकापुर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत अर्हता तिथि 1 जनवरी की स्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में 22 अक्टूबर को बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सरगुजा के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार देवांगन ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 नवंबर को मतदान केन्द्रों का प्रकाशन, 12 नवंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन तथा 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावा-आपत्ति प्राप्त की जाएगी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा।

फर्जी टीपी से लकड़ी परिवहन पकड़ा गया, दो हिरासत में

अम्बिकापुर। सरगुजा में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लकड़ी परिवहन में लगे ट्रक को पकड़ा है। ट्रक में फर्जी टीपी के जरिए लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था। बता दें कि वन विभाग द्वारा इन दिनों जंगलों में नियमित रूप से भ्रमण कर तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस बीच वन विभाग ने शनिवार को रामानुजगंज बेरियर के समीप लकड़ी लोड ट्रक क्रमांक जेएच 09 एएस2401 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में लकड़ी मौजूद था लेकिन जब विभाग ने दस्तावेज की जांच की तो फर्जी टीपी के जरिए परिवहन की बात सामने आई। लकड़ी को सीतापुर से लोडकर बिहार ले जाया जा रहा था। मामले में वन विभाग ने बिहार निवासी बीरबल सिंह आ. निहोरा सिंह व प्रमोद कुमार केरकेट्टा आ.प्रेम लाल केरकेट्टा को हिरासत में लेने के साथ ही छत्तीसगढ़ अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 की धारा 3, 4, 5, 6, 22 एवं वाहन एवं काष्ठ की जप्ती भारतीय वन अधिनियम की धारा 52(1) के अंतर्गत की गई है। वन विभाग द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में एसडीओ आईएफएस कुणाल मिश्रा के नेतृत्व वन परिक्षेत्राधिकारी आशीष देवांगन, परिक्षेत्र सहायक दिनेश टोप्पो, वनरक्षक नवीन कुमार सिंह, संदीप किंडो, सुभाष सिंह एवं समस्त बैरियर स्टाफ सक्रिय रहे।

शासकीय आईटीआई सक्ती में 30 को होगा रोजगार मेला का आयोजन

सक्ती। जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), सक्ती में 30 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस, भारतीय जीवन बीमा निगम, श्रीराम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड जांजगीर, फाइंड दक्ष भिलाई तथा स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी रायपुर के नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में फील्ड ऑफिसर, बीमा सखी, टू व्हीलर फाइनेंसर, बैंक असिस्टेंट, सिक्योरिटी गार्ड, वेल्डर, हाउसकीपिंग स्टाफ एवं केयरटेकर के पदों पर भर्ती की जाएगी। पदों के अनुसार शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण निर्धारित है। वेतनमान 7,000 से 18,000 रुपये प्रतिमाह तक रहेगा। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार ई-रोजगार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में शामिल होने के लिए निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा।

सीएम के निर्देश पर 3 करोड़ 32 लाख से बन रहा उच्च स्तरीय पुल

कोकिया नाला पुल निर्माण में आई तेजी, शीघ्र मिलेगी लोगों को सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा रही है। इसी कड़ी में फरसाबहार विकासखंड के कोकिया नाला पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। लगभग 3 करोड़ 32 लाख की लागत से बन रहे इस पुल का करीब 30 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सेतु निगम द्वारा फरवरी 2027 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

- सीमावर्ती गांवों को मिलेगी बारहमासी आवागमन की सुविधा

बारिश में आवागमन की समस्या से मिलेगी राहत

कोकिया नाला पर पुल का निर्माण पूरा होने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को होने वाली आवागमन संबंधी परेशानियों से राहत मिलेगी। मानसून के दौरान नाले में पानी भर जाने से खेजूरबहार व आसपास के गांवों का संपर्क प्रभावित हो जाता था। इससे ग्रामीणों को पंचायत संबंधी कार्यों, बाजार, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।



10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर होगा समाप्त

वर्तमान में भालूमुंडा और खेजूरबहार के बीच कोकिया नाला पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को दूसरे मार्ग से होकर लगभग 10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। पुल निर्माण पूरा होने के बाद यह परेशानी दूर होगी और ग्रामीणों को सीधे मार्ग से आवागमन की सुविधा मिलेगी।



छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सीमावर्ती गांवों को होगा लाभ

इस पुल का लाभ फरसाबहार विकासखंड के खेजूरबहार, भालूमुंडा सहित आसपास के अनेक गांवों के लोगों को मिलेगा। साथ ही ओडिशा सीमा से लगे गांवों के निवासियों के लिए भी आवागमन आसान होगा। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और दैनिक जरूरतों से जुड़ी सेवाओं तक पहुंच बेहतर होने की उम्मीद है।

किसानों और विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी

उच्च स्तरीय पुल बनने से किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी। वहीं विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। क्षेत्र में संपर्क व्यवस्था बेहतर होने से स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पुल निर्माण कार्य में हो रही प्रगति से क्षेत्र के ग्रामीणों में उम्मीद जगी है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कोकिया नाला क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम होगा और सीमावर्ती गांवों के लोगों को वर्षभर बेहतर संपर्क सुविधा मिल सकेगी।

केराडीह में कौमी एकता की गूंज, सजी कव्वाली की महफिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के कुनकुरी क्षेत्र अंतर्गत केराडीह में सेराज खान के नेतृत्व में सीज़ान अनवर के रस्मे सुन्नत के अवसर पर कौमी एकता एवं सद्भावना कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी समाजों और धर्मों के लोगों ने उत्साहपूर्वक शिरकत की। इस आयोजन ने आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और एकता का खूबसूरत संदेश दिया।

कार्यक्रम के शुरुआत में सेराज खान ने सभी धर्म समाज के सभी नागरिकों का मंच पर साल श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। वहीं सुशीला साय व राजीव नंदे ने केक और रिबन काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

शाकिब और शाहीन के बीच कव्वाली का जोरदार मुकाबला

कार्यक्रम में मशहूर कव्वाल शाकिब अली साबरी ने देशभक्ति गीत से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। हिंदुस्तान की एकता और देशप्रेम से ओतप्रोत गीतों ने मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। उनकी दमदार आवाज और शानदार अंदाज ने ऐसा समां बांधा कि श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। उत्साहित दर्शकों ने कलाकारों का तालियों और नगद इनाम की बौछार के साथ स्वागत किया।

देशभक्ति और भाईचारे के रंग में रंगी महफिल

कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कव्वाली की महफिल में अलग-अलग समाजों और धर्मों के लोगों की भागीदारी ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति, आपसी प्रेम और सद्भावना का माहौल नजर आया। सेराज खान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि धर्म और समाज की विविधताओं के बावजूद इंसानियत, भाईचारा और राष्ट्रीय एकता सभी को एक सूत्र में बांधते हैं।

कौमी एकता का दिया संदेश

रस्मे सुन्नत के अवसर पर आयोजित यह कव्वाली कार्यक्रम केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का संदेश देने वाला आयोजन भी बना। शाकिब अली साबरी की प्रस्तुति और लोगों के उत्साह ने पूरी महफिल को यादगार बना दिया। केराडीह की इस कव्वाली महफिल में गूंजे देशभक्ति के तराने और भाईचारे का संदेश लोगों के बीच कौमी एकता की खूबसूरत मिसाल बनकर सामने आया।

तिवरागुड़ी में नवीन धान उपार्जन केंद्र की जमीन पर अवैध कब्जा करने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

रामानुजनगर स्थित ग्राम पंचायत तिवरागुड़ी में शासन द्वारा स्वीकृत नवीन धान उपार्जन केंद्र की भूमि पर अवैध रूप से मकान और कुएं का निर्माण कराए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के लोगों ने तहसीलदार को पत्र लिखकर अवैध निर्माण को तत्काल हटाने की मांग की है। ग्राम पंचायत सरपंच,सचिव द्वारा जारी पत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर से दिनांक 31 सितंबर को ग्राम पंचायत तिवरागुड़ी में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोले जाने का आदेश प्राप्त हुआ था। शासन के आदेश के परिपालन में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर शासकीय भूमि को धान उपार्जन केंद्र के लिए चिन्हांकित किया गया था।ग्रामीणों का आरोप है कि 21 सितंबर को गांव के ही सम्मानाराम उर्फ ननकू आ. स्व. सुखराम, मोटू आ. स्व. सुखराम और मुन्नी बाई पति स्व. सुखराम द्वारा नए धान उपार्जन केंद्र के लिए चिन्हांकित शासकीय भूमि पर कुआं एवं मकान का निर्माण करा दिया गया है। शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण करा देने से अब प्रस्तावित भूमि पर नवीन धान उपार्जन केंद्र खोलने में परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत ने इसे शासकीय कार्य में बाधा बताते हुए उक्त निर्माणाधीन मकान को तत्काल हटाया जाना नितांत आवश्यक बताया है।

क्षेत्र के किसानों को राहत देने तथा ग्राम पंचायत में ही धान की बिक्री करने की सुविधा उपलब्ध हो और आसपास पंचायत के किसान अपनी उपज विक्रय करने में हो रही परेशानी को ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत तरवागुडी में धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने से शासन से आदेश प्राप्त हुआ। धान उपार्जन केंद्र के लिए ग्राम पंचायत में ही शासकीय भूमि का चिन्हांकित किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि चिन्हांकित शासकीय भूमि पर ही कुछ लोगों द्वारा न सिर्फ कब्जा किया बल्कि अवैध निर्माण कर दिया गया है जिससे ग्राम पंचायत के लोगों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चिन्हांकित धान उपार्जन केन्द्र भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने की अवैध कब्जा हटाने की मांग

ग्राम पंचायत तिरवागुडी के ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज दूसरे पंचायत स्थित धान उपार्जन केन्द्र में बिक्री करने जाना पड़ता था। आने जाने तभा अपनी उपज को ले जाने में काफी परेशानी होती थी। लंबे समय से ग्राम पंचायत में धान उपार्जन केंद्र खोले जाने की मांग की जा रही थी। लंबे समय बाद ग्राम पंचायत में नए उपार्जन केंद्र खोने जाने का आदेश हुआ और ग्राम पंचायत स्थित शासकीय भूमि का चिन्हांकन किया गया लेकिन चिन्हांकित शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कर दिया है। ऐसे में अब नए उपार्जन केंद्र खोले जाने में परेशानी होने लगी है। ग्रामीणों ने अवैध निर्माण हटाने की मांग की है जिससे ग्राम पंचायत में नए धान उपार्जन केन्द्र खोला जा सके।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने निजी खर्च से भेंट किया ग्राम पंचायत रेडा में पानी टैंकर

डभरा। सक्ती जिला अंतर्गत डभरा विकासखंड के ग्राम पंचायत रेडा में शुक्रवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल ने जनहित एवं जनसेवा की भावना का परिचय देते हुए अपने निजी खर्च से ग्राम पंचायत को विभिन्न उपयोगी सामग्रियां प्रदान कीं। इस दौरान उन्होंने गांव की पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पानी टैंकर भेंट किया। साथ ही ग्राम पंचायत के सभी विद्युत खंभों के लिए स्ट्रीट लाइट तथा गांव के सभी बोर पंपों के लिए सबमर्सिबल पंप ग्राम पंचायत को सौंपे। इन सुविधाओं के मिलने से गांव में पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही रात्रि के समय गलियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

जंगली सूअर के शिकार का मामला, 30 किलो मांस के साथ तीन ग्रामीण गिरफ्तार

रायगढ़। वन्यजीव के अवैध शिकार और उसके मांस की बिक्री के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई की है। विभाग की उड़नदस्ता टीम ने जंगली सूअर का शिकार कर उसका मांस बेचने की तैयारी कर रहे तीन ग्रामीणों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से करीब 30 किलोग्राम मांस और शिकार में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए गए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ वन परिक्षेत्र में वन्यजीवों के शिकार और उनके मांस की अवैध बिक्री की सूचनाएं मिल रही थीं। इसके बाद वन विभाग ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना शुरू किया। इसी दौरान ग्राम तिलगा में जंगली सूअर का शिकार कर मांस बेचने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर उड़नदस्ता टीम ने मौके पर दबिश देकर तीन लोगों को हिरासत में लिया। इनमें ग्राम तिलगा निवासी बालाराम राठिया और दीनबंधु राठिया तथा ग्राम बेहरपाली निवासी कार्तिक विश्वकर्मा शामिल हैं। तलाशी के दौरान टीम ने करीब 30 किलोग्राम जंगली सूअर का मांस, वजन करने का तराजू, एक चाकू और दो धारदार कुल्हाड़ियां जब्त कीं। वन विभाग ने तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



पराली जलाने के बजाय करें मशरूम उत्पादन, बनाएं जैविक खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बहेराडीह स्थित किसान स्कूल में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को पराली के उपयोग से मशरूम उत्पादन करने, उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं तथा मशरूम की खेती के बाद बचे अवशेषों का उपयोग जैविक खाद बनाने में करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि धान की पराली किसानों के लिए अनुपयोगी कचरा नहीं, बल्कि एक उपयोगी कृषि संसाधन है। उचित विधि से पराली का उपचार कर उससे ढींगरी (ऑयस्टर) मशरूम का उत्पादन किया जा सकता है। इसके लिए पराली की सफाई, काटने, उपचार करने, बीज डालने तथा उचित तापमान और नमी बनाए रखने जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी होना आवश्यक है। किसान स्कूल में किसानों को समझाया गया कि मशरूम उत्पादन के बाद बचे पराली के अवशेषों का उपयोग उचित तरीके से कम्पोस्ट या अन्य जैविक खाद तैयार करने में किया जा सकता है। तैयार खाद का उपयोग खेतों में मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और जैविक पदार्थ बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। इस प्रकार पराली का बेहतर उपयोग कर किसान कृषि अपशिष्ट को उपयोगी संसाधन में बदल सकते हैं। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना और कृषि अवशेषों से आय बढ़ाने के वैकल्पिक उपायों की जानकारी देना रहा। मशरूम उत्पादन कम जगह में भी शुरू किया जा सकता है। इच्छुक किसान उचित प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण मशरूम बीज तथा बाजार की उपलब्धता को ध्यान में रखकर इसे कृषि आधारित उद्यम के रूप में अपना सकते हैं।



अब सरगुजा से रायपुर के लिए शुरू होगी हवाई सेवा, हफ्ते में तीन दिन फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में हवाई सेवा को लेकर एक नई उपलब्धि जुड़ने वाली है। अब सरगुजा वासियों को राजधानी तक का सफर करने में आसानी होगी। ऐसा इसलिए क्यों कि अंबिकापुर से रायपुर के लिए इसी सप्ताह से हवाई सेवा शुरू की जाएगी। हैदराबाद से जगदलपुर, रायपुर तक आने आने वाली फ्लाईट अब अंबिकापुर तक आएगी और फिर अम्बिकापुर से रायपुर होते हुए वापस हैदराबाद तक जाएगी। इस सुविधा के शुरू होने से जिलेवासियों को खाफी राहत मिलने की उम्मीद है। बता दें कि सरगुजा इन दिनों सिर्फ बिलासपुर, दिल्ली तक की हवाई सेवा उपलब्ध है। मां महामाया दरिमा एयरपोर्ट से एटीआर 72 विमान का संचालन किया जा रहा है लेकिन सरगुजा के यात्री बिलासपुर के लिए विमान में सफर करने को यात्री नहीं मिल रहे थे। बिलासपुर के लिए सरगुजा से बेहद कम टिकट की बुकिंग हो रही है। इस बीच ज्यादातर लोगों द्वारा राजधानी तक हवाई सेवा के संचालन की मांग की जा रही थी। सरगुजा से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग रायपुर का सफार करते है। निजी कार्यों के साथ ही व्यवसाय, स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से लोग रायपुर तक का सफर ट्रेन, बस के साथ ही अपने निजी वाहनों से करते है लेकिन लगभग साढ़े तीन सौ किलोमीटर का सफर करने में लोगों को काफी समय लगता है। सबसे ज्यादा परेशानी मेडिकल एमरजेंसी के दौरान होती है। हालांकि लोगों द्वारा रायपुर के साथ ही रांची होते हुए बनारस तक विमान संचालन की भी मांग कर रहे थे। बीच में इस बात की जानकारी भी आई कि बनारस तक विमान का संचालन किया जाएगा लेकिन बाद में डीजीसीए से विमान संचालन की अनुमति नहीं मिल पाई। इस बीच अब रायपुर तक हवाई सेवा के संचालन की अनुमति मिलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। रायपुर के लिए विमान सेवा शुरू होने से व्यवसाय, स्वास्थ्य गत कारणों के साथ ही अन्य निजी कार्यों के लिए रायपुर जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी।



किया जाएगा संचालन

रायपुर के लिए 72 सीटर विमान का संचालन किया जाना है। हैदराबाद से जगदलपुर रायपुर होते हुए विमान अंबिकापुर आएगी और इसी तरह वापसी करेगी। 25 अक्टूबर तक फ्लाईट शेड्यूल जारी होगा।
-सुशील श्रीवास्तव, एयरपोर्ट डायरेक्टर

शराब के नशे में कीटनाशक पीने वाले ग्रामीण की मौत, अस्पताल में तोड़ा दम

रायगढ़। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बिंजकोट में कीटनाशक का सेवन करने से 50 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी जान चली गई। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, बिंजकोट निवासी बोधन यादव पिता चंदन यादव खेती-किसानी करता था। बताया जा रहा है कि उसे शराब पीने की आदत थी। बीते सुबह करीब 6 बजे वह खेत में काम करने गया था। काम खत्म करने के बाद वह शराब के नशे में घर लौटा और अपने कमरे में जाकर सो गया। दोपहर करीब 12:30 बजे परिजन उसे खाना खाने के लिए उठाने पहुंचे। इस दौरान वह बेहोशी की हालत में मिला और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। कमरे में कीटनाशक जैसी गंध आने पर परिजनों को उसके जहरीले पदार्थ का सेवन करने की आशंका हुई।

15 फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

रायगढ़। जिले में फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन हंट के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 15 फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया।

- अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वारंटियों की धरपकड़ जारी

चक्रधरनगर थाना की टीम ने 05, थाना खरसिया की टीम ने 03 तथा थाना पूंजीपथरा की टीम ने 02 स्थायी वारंटियों को पकड़ा। इसके अतिरिक्त थाना कापू, कोतरारोड, धरमजयगढ़, पुसौर एवं चौकी खरसिया की टीमों ने एक-एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया। गौरतलब हो कि स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे इस विशेष अभियान की मॉनिटरिंग पुलिस मुख्यालय स्तर पर की जा रही है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने अभियान को प्रभावी बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात पुष्पेन्द्र बघेल एवं सभी राजपत्रित अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। साथ ही थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लंबे समय से फरार स्थायी वारंटियों की सूची तैयार कर उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष रणनीति के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मृत और जेल में निरूद्ध वारंटियों के नियमानुसार तामिली प्रक्रिया अपनायी गई है । पुलिस द्वारा वारंटियों की धरपकड़ के लिए चरणबद्ध रणनीति अपनाई जा रही है। इसके तहत पहले ऐसे फरार वारंटियों को टार्गेट किया जा रहा है जो संबंधित थाना क्षेत्र, फिर जिले के अन्य थाना क्षेत्रों, इसके बाद राज्य के भीतर तथा राज्य के बाहर फरार वारंटियों की तलाश कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



अनुपम खेर संगीत के जादूगर स्टीवी वंडर से मिलकर हुए भावुक

मुंबई। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर को स्वीडन के स्टॉकहोम में स्टीवी वंडर के कॉन्सर्ट के बाद बैकस्टेज में उनसे मिलने का खास मौका मिला। यह कॉन्सर्ट वंडर के 50वीं सालगिरह दौरे का हिस्सा था। वंडर से मिलकर अनुपम सचमुच भावुक हो उठे और उन्होंने अपनी खुशी और तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं। अनुपम ने की वंडर के संगीत और मानवीय कार्यों की सराहना अनुपम ने इस अनुभव को यादगार बताया। उन्होंने कहा, स्टीवी वंडर ने एक के बाद एक गाने गाकर हर सुर से पूरे एरिना को जैसे जादू से भर दिया था। अनुपम ने वंडर की दयालुता की भी खुलकर तारीफ की।

लाइफ Style

दीपिका

'किंग' में शाहरुख संग गाने से मचाएंगी धमाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण आगामी फिल्म 'किंग' के लिए फिर साथ आएंगे। क्रिसमस, 2026 पर इसकी रिलीज से पहले, दोनों कलाकार एक गाने की शूटिंग साथ करने वाले हैं। इसे कोरियोग्राफ करने की जिम्मेदारी कथित तौर पर वैभवी मर्चेंट ने उठाई है।

बताया जा रहा है कि निर्माताओं ने इस सीक्वेंस के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं। गाने की शूटिंग के लिए 26 अक्टूबर का दिन चुना गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस गाने में फिल्म की पूरी कास्ट के शामिल होने की उम्मीद है। निर्माताओं ने इसके लिए मुंबई में तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, गाने का शीर्षक, म्यूजिक कंपोजर और दूसरे क्रिएटिव कोलेबोरेटर्स के बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कहा जा रहा है कि इसकी कोरियोग्राफी वैभवी करेंगी। पहले भी फिल्म के सेट से शाहरुख और दीपिका के कुछ क्लिप सामने आए थे, जिनमें दोनों गाने की शूटिंग कर रहे थे। 'किंग' इस साल की बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्माण शाहरुख के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ आनंद ने उठाई है। 2023 में आई 'पठान' और 'जवान' के बाद, शाहरुख इस फिल्म में एक बार फिर एक्शन का तड़का लगाते दिखेंगे। फिल्म में सुहाना खान, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, जयदीप अहलावत और अरशद वारसी समेत कई सितारे अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह 24 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी।



हॉलीवुड मसाला



'टॉम एंड जेरी' की धमाकेदार वापसी...

लॉस एंजिल्स। टॉम और जेरी एक नए एडवेंचर पर निकल रहे हैं। उनकी फिल्म 'टॉम एंड जेरी: फॉरबिडन कंपास' 23 अक्टूबर, 2026 को भारत के सिनेमाघरों में आ रही है। इस बार वे पूर्वी पौराणिक कथाओं से प्रेरित एक पुरानी दुनिया की खोज करेंगे। खास बात यह है कि पहली बार ये दोनों 3डी सीजीआई में पूरी तरह एनिमेटेड दिखेंगे। इस फिल्म का निर्देशन गैंग झांग ने किया है, जो उनकी पुरानी भाग-दौड़ को एक नया अंदाज देगी। भारत में 50 से ज्यादा सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म यह फिल्म कई देशों के स्टूडियो की मेहनत का नतीजा है।



'द ब्रैडी बंच' के अभिनेता माइकल ग्रे का हुआ निधन

लॉस एंजिल्स। मशहूर 'शजाम' सीरीज में बिली बैटसन का यादगार किरदार निभाने वाले माइकल ग्रे का 75 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका निधन 16 अक्टूबर को कैलिफोर्निया के पाम डेजर्ट में हुआ। उन्होंने अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ी है, जो आज भी पुराने और नए दोनों तरह के फैंस से जुड़ी हुई है। माइकल ने सबसे पहले टीवी पर 'रूम 222' और 'द फ्लाइंग नन' जैसे शोज में काम करके अपनी पहचान बनाई, लेकिन उन्हें असली शोहरत 'शजाम' में बिली का किरदार निभाकर मिली, जो कैप्टन मार्वल में बदल सकते थे। हालांकि, बाद में उन्होंने हॉलीवुड से दूसरी बना ली थी। उन्होंने 'शजाम फ्यूरी ऑफ द गॉड्स' (2023) में एक छोटा लेकिन यादगार भूमिका भी की थी, जिससे पता चलता है कि उनकी कहानी आज भी लोगों के दिलों में है।



'तनु वेड्स मनु-3' में नहीं दिखेंगी कंगना

मुंबई। कंगना रनौत और आर माधवन की लोकप्रिय फिल्म 'तनु वेड्स मनु' तीसरी कड़ी के साथ वापसी करने जा रही है। करीब एक दशक से ज्यादा समय बाद निर्माता 'तनु वेड्स मनु: द नेक्स्ट चैप्टर' लेकर आ रहे हैं। कुछ समय पहले ही फिल्म का ऐलान किया गया था, जिसके बाद से फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, इस बार कहानी पुराने किरदारों को आगे बढ़ाने के बजाय एक नए अध्याय के रूप में पेश की जाएगी। निर्देशक मिताक्षरा 'तनु वेड्स मनु 3' पर काम कर रही हैं। बताया जा रहा है कि इस रोमांटिक कॉमेडी में कंगना और माधवन के किरदारों की कहानी आगे नहीं बढ़ेगी। इसके बजाय फिल्म में नई और युवा कलाकारों की टोली नजर आएगी। 'मिड-डे' से बातचीत में मिताक्षरा ने कहा, हम एक नई और युवा कास्ट के साथ आ रहे हैं।



श्रेयस व सुभाष ने 20 साल बाद मिलाया हाथ

मुंबई। श्रेयस तलपड़े और दिग्गज फिल्मकार सुभाष घई नई फिल्म 'मान्या' के लिए साथ आए हैं। सिनेमा में 50 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में, घई ने ऐलान किया है कि उनका प्रोडक्शन हाउस, मुक्ता आर्ट्स श्रेयस के साथ फिर से काम कर रहा है। यह परियोजना 20 साल बाद उनकी वापसी का प्रतीक होगी। इससे पहले, श्रेयस और घई ने 2005 में आई फिल्म 'इकबाल' में काम किया था। इसमें अभिनेता एक उभरते हुए क्रिकेटर के किरदार में दिखे थे। घई ने श्रेयस के साथ काम करने पर कहा, इस फ़िल्म के लिए श्रेयस तलपड़े के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा है। वह एक बहुत ही वर्सेटाइल एक्टर हैं जिन्होंने 'इकबाल', 'अपना सपना मनी मनी' (2006) और 'गोलमाल अगेन' (2017) जैसी फिल्में के जरिए अपनी रेंज दिखाई है।

टीवी मसाला



कपिल शर्मा के निशाने पर आए 'पहला प्यार दूसरी बार' के नए कपल्स

मुंबई। लव रंजन की 'पहला प्यार दूसरी बार' सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल जीत रही है, वहीं फिल्म की लीड स्टार कास्ट को कपिल शर्मा के शो में उनके खास मजाकिया अंदाज और हाजिरजवाबी का सामना करना पड़ा। अनुज सैनी के डायरेक्शन और लव रंजन के प्रोडक्शन में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'पहला प्यार दूसरी बार' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म आज के रिश्तों, स्कूल रीयूनियन और प्यार को दूसरा मौका मिलने की कहानी को एक नए और दिलचस्प अंदाज में पेश करती है। फिल्म में स्पर्श वालिया, अलीशा चोपड़ा, साक्षी वैद्य, कुणाल वैद, सरगुन कौर लूथरा और तुषार छिब्बर जैसे नए चेहरे नजर आ रहे हैं। फिल्म कॉमेडी, शानदार म्यूजिक और इमोशन्स का अच्छा मेल पेश करती है, जो दर्शकों को पसंद आ रहा है। रिलीज के बाद से ही फिल्म को दर्शकों की ओर से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है और इसकी तारीफ हो रही है। इस तरह फिल्म दर्शकों का दिल जीतने वाली एक बेहतरीन एंटरटेनर बनकर सामने आई है। फिल्म को लेकर चर्चा उस वक्त और बढ़ गई, जब हाल ही में इसकी पूरी स्टार कास्ट 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' में पहुंची। यहां होस्ट कपिल शर्मा ने अपने खास मजाकिया अंदाज में कलाकारों की टांग खींची और कपल्स की जमकर खिंचाई की। लव फिल्म्स की ओर से शेयर किए गए एक मजेदार प्रमोशनल वीडियो में कपिल युवा कलाकारों से मजाक करते और उनसे अचानक अपने शो में आने की वजह पूछते नजर आ रहे हैं।

'बिग बॉस 20': माही विज हुईं भावुक

मुंबई। सलमान खान के शो 'बिग बॉस 20' में माही विज बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया एपिसोड में अरिश्फा खान से झगड़े के बाद,



माही अपने निजी संघर्ष को याद करके भावुक हो गई थीं। उन्होंने बताया था कि कैसे वह अपनी बेटी तारा की परवरिश अकेले कर रही हैं। अब माही के पति और अभिनेता जय भानुशाली उनके समर्थन में आए हैं। उन्होंने कहा कि भले उनका तलाक हो गया, लेकिन माही और तारा हमेशा उनकी जिम्मेदारी रहेंगे। माही की टीम ने उनके इस भावुक पल का वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जय ने कहा, माही, मजबूत रहो। हम दोनों जानते हैं कि मुश्किल समय में हम हमेशा एक-दूसरे का साथ देंगे। पैसा कभी हमारे बीच बाधा नहीं बना और न कभी बनेगा। तुम और तारा जिंदगी भर मेरी जिम्मेदारी रहोगी। शादी का रिश्ता तुम दोनों के लिए मेरे प्यार और सम्मान को कभी नहीं बदल सकता।

मधुबाला और मीना कुमारी की बायोपिक पर रोक, क्या है दोनों फिल्मों में देरी की वजह?

मुंबई। मधुबाला और मीना कुमारी बॉलीवुड के वो नाम हैं, जो किसी परिचय के मोहताज नहीं। इन दोनों दिग्गज अभिनेत्रियों पर 2 बायोपिक बनाई जा रही हैं। हालांकि, खबरों के मुताबिक, अभी उन्हें रोक दिया गया है। फिल्मफेयर के मुताबिक, दोनों फिल्मों में देरी हो रही है और अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये कब आगे बढ़ेंगी। लंबे समय से इन फिल्मों की चर्चा चल रही है, लेकिन इनके निर्माण की दिशा में खास कदम नहीं उठाए गए हैं।



मधुबाला में भी हो रही देरी

खबरों के मुताबिक, मधुबाला की बायोपिक में उनका किरदार सारा अर्जुन निभाने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के रीन करने वाले हैं और संजय लीला भंसाली इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट कर रहे हैं। शुरुआत में इस फिल्म को बजट से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन भंसाली के जुड़ने के बाद काम ने रफ्तार पकड़ ली थी। हालांकि, इसके आगे की प्रगति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल, दोनों फिल्में होल्ड पर हैं।

क्यों हो रही है इन फिल्मों की शूटिंग में देरी?

अब तक निर्माताओं ने इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है कि इन फिल्मों की शूटिंग कब शुरू हो सकती है। मीना कुमारी की बायोपिक से फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा बतौर निर्देशक अपना सफर शुरू करने वाले थे और खबर थी कि इसमें कृति सेनन मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, मनीष के फिल्म से अलग होने के बाद मुख्य भूमिका के लिए कियारा आडवाणी का नाम चर्चा में आया। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

प्रियंका के जाते ही विद्या ने संभाली कमान 19 साल बाद सैफ से मिलाया हाथ

मुंबई। सैफ अली खान अपनी 'परिणीता' सह-कलाकार विद्या बालन संग रितेश बत्रा की फिल्म में नजर आएंगे। मुंबई में शूटिंग कर रही ये जोड़ी 19 साल बाद साथ आई है। पहले इस रोल में प्रियंका चोपड़ा नजर आने वाली थीं, लेकिन उनके अलग होने के बाद विद्या बालन की एंट्री हुई। भले ही सैफ-विद्या की आखिरी फिल्म 2007 में 'एकलव्य' थी, पर सेट के सूत्रों का कहना है कि उनकी केमिस्ट्री देखकर लगता है जैसे कल ही साथ काम किया हो।

सैफ निभाएंगे सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार : मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में सैफ के साथ एक और अभिनेत्री नजर आएंगी। ये भूमिका मशहूर फ्रांसीसी अभिनेत्री, निर्देशक और गायिका मेलानी लॉरेंट निभाएंगी। लॉरेंट ने फ्रेंच और हॉलीवुड सिनेमा में अपनी खास पहचान बनाई है। उधर 'द लंचबॉक्स' के निर्देशक रितेश बत्रा इससे पहले इरफान खान, रॉबर्ट रेडफोर्ड और जिम ब्रॉडबेंट जैसे कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। अब वो सैफ के साथ नई फिल्म बना रहे हैं, जिसमें सैफ अपने करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाएंगे।



प्रियंका क्यों हुईं प्रोजेक्ट से बाहर?

फिल्म एक प्रेम कहानी है, जिसमें पारिवारिक ड्रामा भी देखने को मिलेगा। पहले इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के होने की चर्चा थी, लेकिन शूटिंग की तारीखें न मिलने के कारण उन्होंने ये प्रोजेक्ट छोड़ दिया। 21 अक्टूबर से मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। प्रियंका के फिल्म से बाहर होते ही विद्या बालन ने कमान संभाल ली। अब फैंस सैफ और विद्या की जोड़ी को दोबारा बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्सुक हैं।

'फौजी' के टीजर में दिखा दबंग अवतार, फर्स्ट लुक ने लूटी वाहवाही

'खून भी लूंगा और आजादी भी, छीन के', रिबेल सोल्जर बने प्रभास

मुंबई। *पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में प्रभास 'कल्कि 2' से लेकर 'सलार 2', 'स्पिरिट' और 'फौजी' जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार, 23 अक्टूबर को प्रभास का 47वां जन्मदिन था, इस मौके पर उनकी आने वाली फिल्मों के निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टर, बीटीएस वीडियो और टीजर जारी कर फैंस को सरप्राइज दिया। 'फौजी' के निर्माताओं ने भी फिल्म से अभिनेता का फर्स्ट लुक और एक नया टीजर जारी किया है। साथ ही, फिल्म की थिएट्रिकल रिलीज की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। इस खबर ने प्रभास के फैंस को भी खुश कर दिया है।*

'फौजी' का टीजर जारी

'फौजी' के निर्माताओं ने 2 मिनट 31 सेकंड का टीजर जारी किया, जिसमें प्रभास एक उग्र और दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। आजादी से पहले के दौर पर आधारित, 'फौजी' में प्रभास एक ऐसे बागी सैनिक की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

गोलियों की बौछार के बीच प्रभास

टीजर में प्रभास एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं और गोलियों की बौछार देखने को मिलती है। इसमें प्रभास के किरदार को भारत का सबसे बड़ा बागी सैनिक" बताया गया है, जो 1932 से ही वांटेड है। ऐसा लगता है कि उनकी कहानी ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमती है। टीजर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'पेश है डिक्लासिफाइड फाइल नंबर 25 - फौजी, 19 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में।'



फौजी का टीजर

'फौजी' कब रिलीज हो रही है? तेलुगु पीरियड ड्रामा 'फौजी' 19 मार्च, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 3 दिसंबर, 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसकी रिलीज को टाल दिया गया था। नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' के प्री-रिलीज इवेंट में, प्रोड्यूसर रवि शंकर ने फिल्म के पोस्टपोन होने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि इस अतिरिक्त समय का इस्तेमाल इस बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

'फौजी': कास्ट और क्रू

हनु राघवपुडी के निर्देशन में बन रही 'फौजी' में प्रभास और इमानवी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके साथ अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर और अन्य कलाकार भी नजर आएंगे। इस फिल्म को नवीन यरनेनी, वाई रवि शंकर और भूषण कुमार ने 'मैथरी मूवी मेकर्स' के बैनर तले प्रोड्यूस किया है, और टी-सीरीज फिल्म्स द्वारा पेश किया जा रहा है। काम की बात करें तो, प्रभास आखिरी बार 'द राजा साब' में नजर आए थे। उनके पास कई और प्रोजेक्ट्स भी हैं, जिनमें संदीप रेड्डी वांगा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट', नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल और प्रशांत नील की 'सालार 2' शामिल है।

खबर संक्षेप



चंद्रपुर पुलिस ने स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

चंद्रपुर। सक्ती पुलिस द्वारा फरार स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन बॉज के तहत थाना चंद्रपुर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने स्थायी वारंटी विशाल उर्फ लोदन यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल दाखिल कराया गया। कार्रवाई के दौरान 24 अक्टूबर को स्थायी वारंटी विशाल उर्फ लोदन, पिता बाबूलाल यादव, उम्र 23 वर्ष, निवासी मिट्ठू मुंडा, राजीव गांधी नगर, थाना जूटमिल, जिला रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया। सक्ती पुलिस द्वारा ऑपरेशन बॉज के तहत फरार स्थायी वारंटियों की पतासाजी और गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य न्यायालयीन प्रक्रिया का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

26 तक व्याख्याता के लिए ऑनलाइन आवेदन

सारंगढ़। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा व्याख्याता हिन्दी, व्याख्याता अंग्रेजी, व्याख्याता संस्कृत, व्याख्याता भौतिकी, व्याख्याता राजनीति शास्त्र, व्याख्याता इतिहास, व्याख्याता भूगोल एवं व्याख्याता अर्थशास्त्र के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल रायपुर पूर्व नाम सीजी व्यापम ने 26 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। परीक्षा की संभावित तिथि 29 नवंबर रविवार है। यह परीक्षा 5 संभागीय मुख्यालय रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर और दुर्ग में होगा। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से किया जावेगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थीए जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं। उनका परीक्षा शुल्क वापस कर दिया जायेगा। परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जावेगाए जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है।

अभा अघरिया समाज केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक

तमनार। अखिल भारतीय अघरिया समाज केन्द्रीय समिति रायगढ़ छत्तीसगढ़ की कार्यककरिणी पदाधिकारियो का त्रैमासिक बैठक 25 अक्टूबर रविवार को ग्राम करवाही क्षेत्र तमनार में राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ समाज के इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर मंचासिन समस्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। स्वागत उद्बोधन याद लाल नायक अध्यक्ष तमनार एवं केंद्रीय सचिव भोजराम पटेल द्वारा बैठक के एजेंडा एवं पूर्व केंद्रीय कार्यकारिणी बैठक, कृष्ण धाम पैता में निर्माणाधीन श्रीकृष्ण भगवान मंदिर निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। पिछले कार्यकारिणी बैठक का प्रतिवेदन पठन भुवन पटेल द्वारा किया गया। अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल द्वारा कृष्ण अघरिया धाम पैता में मन्दिर निर्माण, ट्रस्ट निर्माण एवं विभिन्न पहलुओं के बारे जानकारी दी गई। पैता धाम निर्माण व अन्य विषयो पर राजेश नायक, कामता पटेल, चित्रसेन पटेल, अवतार पटेल, अरूण पटेल, रामलाल पटेल, परसराम पटेल एयदुमणि पटेल अन्य उपस्थित पदाधिकारियों ने अपना अपना सुझाव दिया गया। विवाह में प्रि वेडिंग की निदा करते मृत्यु भोज को सीमित करने आग्रह किया गया। सभी क्षेत्रीय इकाइयों को जिन्होंने अभी तक अपने क्षेत्रीय सम्मेलन नहीं किया है उन्हें शीघ्र क्षेत्रीय सम्मेलन करने हेतु निर्देशित किया गया। सरोरिया अघरिया समाज का सर्वेक्षण करने क्षेत्रीय अध्यक्षगणो को दायित्व सौंपा गया।

जिले में अब तक 282 ग्राम पंचायतें बाल विवाह मुक्त घोषित

रायगढ़ की 268 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने की तैयारी, 27 को विशेष ग्राम सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से मिटाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले की ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए आगामी 27 नवंबर को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने का प्रस्ताव पारित कराने के साथ इस अभियान को जनभागीदारी से आगे बढ़ाया जाएगा।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें अधिकारियों को बाल विवाह रोकने, कानूनी प्रावधानों का पालन कराने और ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने कार्यशाला में अधिकारियों से कहा कि 27 नवंबर को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभाओं में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत का प्रस्ताव अनिवार्य रूप से रखा जाए और नियमानुसार पारित कराया जाए। उन्होंने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह की रोकथाम को लेकर कवायद की जा रही है।



बताए गए बाल विवाह रोकने के कानूनी प्रावधान

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों और कानूनी अधिकारों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव, सेक्टर स्तर पर पर्यवेक्षक, परियोजना स्तर पर परियोजना अधिकारी और जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान के तहत पंचायत स्तर पर विवाह पंजी का संधारण किया जाएगा।

282 ग्राम पंचायतें बाल विवाह मुक्त, शेष पर रहेगा फोकस

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2025-26 में रायगढ़ जिले की 282 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जा चुका है। अब शेष 268 ग्राम पंचायतों को भी इस सामाजिक कुरीति से मुक्त करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले की कुल 60 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

डीएमएफ से परसा में बनेंगे प्राइमरी और मिडिल स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत बैरागी के आश्रित ग्राम परसा में प्राइमरी और मिडिल स्कूल नए भवन बनाए जाएंगे।

जिला खनिज संस्थान न्यास से दोनों भवनों के निर्माण के लिए 33 लाख 90 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इससे गांव के बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर और सुविधायुक्त भवन उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप तथा वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी की पहल पर जिले में शिक्षा सहित बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए डीएमएफ की राशि का उपयोग किया जा रहा है। परसा में नए स्कूल भवनों का निर्माण इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परसा में नवीन प्राथमिक शाला भवन के निर्माण के लिए 14 लाख 30 हजार और नवीन माध्यमिक शाला भवन के लिए 19 लाख 60 हजार स्वीकृत किए गए हैं। दोनों कार्यों को उच्च प्राथमिकता में रखा गया है। यह स्वीकृति डीएमएफ की शासी परिषद की 11 मई 2026 को हुई बैठक के निर्णय के अनुरूप जारी की गई है।

पीएम जनमन से बदल रही पीवीटीजी बस्तियों की तस्वीर

रायगढ़। राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों पीवीटीजी के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन के माध्यम से रायगढ़ जिले के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा परिवारों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों के माध्यम से इन परिवारों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, पोषण और आजीविका से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले के तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा, धरमजयगढ़ और खरसिया विकासखंडों की 52 ग्राम पंचायतों की 53 पीवीटीजी बसाहटों के 961 परिवार इस अभियान के दायरे में हैं। इन परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

शराब माफियाओं पर कार्रवाई की मांग महिला समूहों ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

पुसौर। प्रदेश सरकार जहां अवैध शराबखोरी पर पाबंदी लगाने को लेकर संवेदनशील है। वहीं जिला पुलिस बल रायगढ़ भी सख्त होकर लगातार कार्रवाई कर रही है। आरोपियों को जेल भी भेजा जा रहा है। इसके बावजूद पुसौर थाना क्षेत्र में शराब के कारोबारियों का अवैध कारोबार बढ़ती ही जा रही है। कार्रवाई के बाद फिर से पनप कर अवैध कारोबार को अंजाम तक पहुंचा रहे हैं।



पुसौर थाना क्षेत्र के 120 गांवों में पिछले 3 वर्षों से पुलिस ही नहीं बल्कि आबकारी विभाग भी अपनी अलग टीम के साथ लगातार छापेमार कार्रवाई कर रहा है। इसके बावजूद अवैध शराब निर्माण बाहर से शराब लाकर बिक्री करना और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने जैसे मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। इस अवैध कारोबार से त्रस्त होकर क्षेत्र की महिला समूहों ने प्रदेश के वित्तमंत्री और स्थानीय विधायक ओपी चौधरी के समक्ष कई बार आवेदन प्रस्तुत किया है। स्वयं विधायक चौधरी ने भी मौके पर पुलिस और आबकारी विभाग को सख्त हिदायत दी है कि इस तरह के मामलों की पुनरावृत्ति न हो लेकिन इसके बाद भी शराब के अवैध कारोबारी इस तरह सक्रिय हैं जैसे उन्हें किसी का कोई डर ही न हो। यह स्थिति मुख्य रूप से कंपनी एरिया में बताई जा रही है जिसमें टपरदा जतरी रनभाठा बोड़ाझरिया झिलगीटार कांदागढ़ सहित अन्य ग्राम शामिल हैं। उपरोक्त में से कुछ ग्राम एनटीपीसी क्षेत्र में आते हैं जो ओडिशा सीमा के करीब पड़ता है। सूत्रों के अनुसार वहां से प्रतिदिन कई पेटी शराब लाकर खपाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक केवल बोड़ाझरिया और कांदागढ़ में ही 4 से अधिक ऐसे व्यक्ति हैं जो इस कारोबार से सीधे जुड़े हैं जो शायद पुलिस के डंडे से वाकिफ ही नहीं हैं। इस संबंध में आबकारी एवं पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी लेने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।`

नंदकुमार पटेल विवि रासेयो की प्रस्तुति को मिला उत्कृष्टता का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हरियाणा प्रांत के फतेहाबाद जिला अंतर्गत भट्टू मंडी में दिनांक 16 से 22 अक्टूबर तक सम्पन्न एनएसएस के राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से चार छात्र एवं चार छात्राओं का दल कार्यक्रम अधिकारी भोजराम पटेल के नेतृत्व प्रबंधन में अपने बेहतर प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया।

राष्ट्रीय एकता शिविर में देश भर के 10 प्रदेश व हरियाणा के 6 जिलों से कुल 200 हायर सेकण्डरी स्वयं सेवकों ने भागीदारी निभायी । शिविर स्थल कार्यक्रम एवं आवासीय व्यवस्था फतेहाबाद जिला के भट्टू मंडी स्थित मदर टेरेसा कान्वेट स्कूल प्रबंधन द्वारा किया गया जहाँ प्रातः कालीन जागरण पश्चात योग एवं ध्यान तथा व्यायाम तथा विविध प्रतियोगिताओं में पोस्टर मेकिंग श्लोगन लेखन, कविता लेखन, कोलाज निर्माण, फूल रंगोली, कबाड़ से जुगाड़, इत्यादि कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों की रचनात्मक सृजनशील प्रतिभा को निखारने का अवसर मिला वहीं सायंकाल से रात्रिकाल में सभी प्रांत के कला संस्कृति व लोक विधा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत गायन नृत्य की प्रस्तुति दी जाती थी। शिविर के दौरान सभी प्रतिभागियों को हरियाणा हिसार के प्रतिष्ठित स्थल अग्रोहा धाम अग्रसेन महाराज की जन्म स्थली य महान संगीतज्ञ पद्मविभूषण पं. जसराज के पैतृक ग्राम पिलीमंदौरी य पुरातात्विक स्थल सिंधु घाटी की सभ्यता खनन कैम्प स्थल का भी भ्रमण कराया गया जहां पहुंचकर एनएसएस स्वयंसेवक अत्यंत आनंदित एवं रोमांचित हुए।

राष्ट्रीय एकता शिविर हरियाणा में गूंजा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा



रैली निकालकर दिया नशा मुक्ति का संदेश

रैली के चतुर्थ दिवस 19 अक्टूबर को सभी प्रांत के स्वयंसेवकों द्वारा एक साथ मिलकर विविध वेष भूषा में शिविर ग्राम भट्ट मंडी में रैली निकालकर नशीमुक्ति से संबधित प्रेरक उद्बोधन, नारा एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति राष्ट्रीय एकता एवं स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया गया। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत की गई लोक गीतों पर आधारित नृत्य को एकता शिविर के प्रतिभागी समस्त अधिकारी व शिविरार्थियों द्वारा विशेष रूप से पसंद किया गया एवं सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की एवं छग की प्रतिभागियों को स्वर्ण मंडित मेडल से उत्कृष्टता सम्मान दिया गया वहीं नेतृत्वकर्ता भोजराम पटेल को उत्कृष्ट कार्यक्रम अधिकारी के रूप मे अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम प्रस्तुति पश्चात पूरा परिसर छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया नारा से गुंजता रहा।

1 नवंबर से बढेगा दूध का भाव, पशु आहार की बढ़ती कीमत से लिया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा



पशु आहार की बढ़ती कीमतों और दूध के अपेक्षाकृत कम दाम से परेशान बलौदा ब्लॉक के पशुपालकों ने दूध की नई दरें निर्धारित करने का निर्णय लिया है। दुग्ध उत्पादक किसान संगठन बलौदा की आपात बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 1 नवंबर से क्षेत्र में गाय का दूध 60 रुपये और भैंस का दूध 70 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचा जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि पशुपालन में लगातार बढ़ती लागत के कारण किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में दूध का उचित मूल्य सुनिश्चित करना जरूरी हो गया है। खर्च बढ़ने से दुग्ध उत्पादकों का मुनाफा घट रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए संगठन ने नई दरें लागू करने का निर्णय लिया है। संगठन द्वारा घोषित दरों के अनुसार 1 नवंबर से बलौदा ब्लॉक क्षेत्र में गाय का शुद्ध दूध 60 रुपये प्रति लीटर और भैंस का शुद्ध दूध 70 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचने का निर्णय लिया गया है। संगठन ने अपने सदस्यों से निर्धारित दरों का पालन करने की अपील की है। साथ ही, डेयरी संचालकों और दूध विक्रेताओं से भी नई दरों के अनुरूप खरीद-बिक्री करने को कहा गया है।

चौका-चूल्हा से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती महिलाएं, बोड़ाझरिया में ले रही हैं सिलाई की ट्रेनिंग

- एनटीपीसी लारा की पहल से महिलाओं को मिल रही है संबल

पुसौर। एनटीपीसी लारा अपने प्रभावित ग्रामों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार सराहनीय कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में इन दिनों ग्राम बोड़ाझरिया में महिलाओं के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एनटीपीसी द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन में चल रहे इस प्रशिक्षण के लिए कंपनी ने एक प्रशिक्षक के साथ-साथ सिलाई में प्रयुक्त होने वाले सभी संसाधन रॉ-मटेरियल और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।

इस प्रशिक्षण की ट्रेनर सस्मिता मिर्धा हैं। बोड़ाझरिया में चल रहे इस



बैच में 30 महिला प्रशिक्षुओं ने भाग लिया है जिन्हें प्रशिक्षण लेते हुए लगभग एक माह हो चुका है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को ब्लाउज सलवार सूट लहंगा पेटीकोट की कटिंग और सिलाई सिखाई जा रही है। इससे पहले यह प्रशिक्षण ग्राम महलोई में आयोजित किया गया था जिसमें आर्मुडा महलोई और देवलसुरा की महिलाओं ने लाभ लिया था। वे महिलाएं आज अपने घरेलू सिलाई कार्य के साथ-साथ इसे व्यवसाय के रूप में अपनाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस संबंध में एनटीपीसी लारा के जनरल मैनेजर से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि ग्रामीण महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं प्रशिक्षण ले रही महिलाओं ने एनटीपीसी लारा की इस पहल के प्रति आभार जताया।

छाल में रामराज गद्दी समारोह



छाल। छाल में आयोजित रामराज गद्दी समारोह में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में उनके प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता नवल राठिया शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों और स्थानीय नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल के बीच आयोजित इस समारोह में नवल राठिया ने क्षेत्र के विकास के लिए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि नवल राठिया ने छाल स्थित दुर्गा पंडाल में मंच निर्माण तथा मंगल भवन परिसर में अहाता चारों तरफ की बाउंड्री वॉल निर्माण कराने की घोषणा की। नवल राठिया ने कहा कि दुर्गा पंडाल में स्थायी मंच बनने से दुर्गा पूजा के अलावा अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के संचालन में समिति और ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिलेगी। स्थानीय मंगल भवन में सामाजिक बैठकों, विवाह समारोहों तथा सामुदायिक आयोजनों की प्रमुखता को देखते हुए यहां अहाता निर्माण की घोषणा की गई।

जनपद सीईओ ने की पंचायत सचिवों और आवास निर्माण की समीक्षा

पीएम आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण समय.सीमा में पूर्ण कराने के लिए सारंगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में समीक्षा और निगरानी तेज कर दी गई है। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिले में आवास निर्माण कार्यों को गति देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सारंगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरएस नायक ने ग्राम सालर में आसपास की 10 ग्राम पंचायतों के सचिवों की समीक्षा बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की जानकारी ली तथा अपूर्ण आवासों को



निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नायक ने समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत गोड़ीहारी, दानसरा और अचानकपाली में लंबित आवास निर्माण कार्यों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित पंचायत सचिवों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा में पाया गया कि गोड़ीहारी में 93ए दानसरा में 75 और अचानकपाली में 88 सहित तीनों ग्राम पंचायतों में कुल 256 आवास अपूर्ण हैं। उन्होंने संबंधित हितग्राहियों को आगामी 8 से 10 दिनों के भीतर लंबित आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। श्री नायक ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण निर्धारित समय.सीमा में पूरा करना आवश्यक है। निर्देशों के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले हितग्राहियों के विरुद्ध नियमानुसार आवास स्वीकृति निरस्त करने तथा जारी राशि की वसूली की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पंचायत सचिवों को हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखने, निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने और प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन तथा लंबित आवासों को पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

